# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जलनिगम(ग्रामीण)
## पनकी रॉ वाटर इन्टेक परिसर, अर्मापुर,
## कालपी रोड, कानपुर नगर–208009

दूरभाष: 9473942735
Email ID:ee2pdjalnigamknp@yahoo.in


पत्रांकः 2109/M-15/19 दिनांक 11/06/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः **UNIवार्ता (UNITED NEWS OF INIDA) समाचार पत्र के ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित खबर "टंकी से जलापूर्ति शुरू न होने पर डीएम ने प्रोजेक्ट मैनेजर को लगाई फटकार" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **UNIवार्ता (UNITED NEWS OF INIDA)** पत्र के ऑनलाइन संस्करण में 10 जून 2026 को प्रकाशित खबर **"टंकी से जलापूर्ति शुरू न होने पर डीएम ने प्रोजेक्ट मैनेजर को लगाई फटकार"** के क्रम में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद कानपुर नगर में दिनांक 10.06.2026 को जिलाधिकारी कानपुर महोदय द्वारा विकासखण्ड चौबेपुर की बूढ़नपुर–चौधरीपुर पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ओवरहैंड टैंक, ट्यूबवेल, सोलर एवं ग्राम में पाइपलाइन इत्यादि का निर्माण किया जा चुका है, परन्तु जलापूर्ति नही की जा रही है। विकासखण्ड चौबेपुर की बूढ़नपुर–चौधरीपुर पेयजल योजना का कार्य वर्ष 2022–2023 से कार्यदायी संस्था मै0वी0टी0एल0 द्वारा कार्य कराया जा रहा है। उक्त पेयजल योजना में 03 ग्राम क्रमशः बूढ़नपुर, चौधरीपुर एवं आलमपुर सम्मिलित है, जिसमें उच्च जलाशय एवं पाइपलाइन का कार्य पूर्ण है। ग्राम चौधरीपुर में रेलवे क्रासिग की अनुमति विलम्ब से प्राप्त होने के कारण पाइपलाइन ज्वाइंटिंग का कार्य अभी तक अवशेष है। जिस कारण ग्राम में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ नही हो सकी है।

उक्त पेयजल योजना निर्माणाधीन में है जिसके अनुपालन में आज दिनांक 11.06.2026 को कार्यवाही करते हुए ग्राम बूढ़नपुर में 170 घरों में एवं गाजीपुरवा में 155 घरों में जलापूर्ति करायी जा रही है।

उपरोक्त ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित खबर के सन्दर्भ में सम्बन्धित फर्म M/s Vindhya Telelinks Ltd.–Gaja Engineering Pvt. Ltd. (JV), Noida को समस्त अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है जिससे समस्त ग्रामवासियों को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

**संलग्नकः–फोटोग्राफ्स**

भवदीय

(संदेश सिंह तोमर)
अधिशासी अभियन्ता


पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसारः

**प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।**

1. निजी सचिव प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
4. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।


**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner







Scanned with OKEN Scanner